2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का हुआ समापन

पानीपत, 21 मार्च (अनुज): आई.बी. कालेज में 2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का समापन हो गया। पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ कालेज प्राचार्या डा. मधु शर्मा ने किया। जिसमें देश के विख्यात प्रकाशकों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया। प्राचार्या डा. मधु शर्मा ने कहा कि पुस्तकों से प्राप्त किया ज्ञान ही केवल मात्र ऐसा धन है जिसे कभी कोई छीन नहीं सकता। पुस्तकालयाध्यक्ष डा. प्रवीन कुमार ने बताया कि कालेज के छात्रों का ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी को लगाया गया और वह इस प्रकार की प्रदर्शनी आगे भी लगाते रहेंगे। प्रदर्शनी के समापन समारोह में उपस्थित सभी प्रकाशकों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं दूसरी और राष्ट्रीय सेवा योजना के वस्त्र दान सप्ताह का भी समापन हो गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या ने स्वयंसेवकों की सराहना की।

पुस्तक प्रदर्शनी में पुस्तकों का अवलोकन करती प्राचार्या। (पंकेस)

पुस्तक प्रदर्शनी में पुस्तकों का अवलोकन करती छात्राएं व अध्यापिकाएं • जागरण

सामान्य ज्ञान की पुस्तकों का रहा क्रेज

जागरण संवाददाता, पानीपत : आइबी कॉलेज में बुधवार को पुस्तक प्रदर्शनी के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने खूब रुचि ली। विज्ञान व सामान्य ज्ञान से संबंधित ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पसंद की।

तीसरे पहर मेले का समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा ने बताया कि पुस्तक ही ऐसा धन है, जिसे कोई छीन नहीं सकता है। बच्चे जितना पढ़ेंगे, उतना ज्ञान अर्जित करेंगे। इंटरनेट के युग में ही किताबों की उपयोगिता बनी हुई है। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रों का ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से यह प्रदर्शनी लगाया गया। कॉलेज प्रबंधन इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित करेगा। प्रधानाचार्य ने प्रकाशकों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी का आनंद बच्चों व प्राध्यापकों ने लिया।

पंजाब केसरी
22-3-18

पुस्तक सबसे अच्छी मित्र होती है : डॉ.मधु

जासं, पानीपत : आइबी पीजी कॉलेज में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में 12 पब्लिशरों ने कॉलेज पाठ्यक्रम व दूसरे विषयों की 4000 पुस्तकों को शामिल किया। प्रदर्शनी के पहले दिन करीब 1000 विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने पुस्तकों के बारे में जानकारी ली। कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मधु शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि पुस्तक व्यक्ति की सबसे बड़ी मित्र होती हैं। विद्यार्थियों को विषय के अलावा प्रतियोगी पुस्तकों को भी पढ़ना चाहिए। प्रदर्शनी में पीएचआइ, ओरिएंट ब्लेस्वेन, मैनाकिन प्रेस, टेक्नीज बुक्स, एकेडमिया बुक्स, बीएसपी बुक्स व टेलर एंड फ्रांसिस प्रकाशकों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में वेस्टर्न ओवरसीज स्टडी अबरोड ने भी भाग लिया।

डॉ.मधु शर्मा।

दैनिक जागरण (२१-

किताबें ही हमारी सच्ची दोस्तः डॉ. मधु

पानीपत| आईबी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का समापन हुआ। छात्रों ने अपनी रूचि अनुसार पुस्तक खरीदीं। 40 अलग-अलग सामाजिक मुद्दों पर पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में पीएचआई, ओरिएंट बुक्स, मैनाकिन, वीएसपी, टैक्नीज व एकेडिमिया प्रकाशकों की पुस्तक लगाई गई। प्रिंसीपल डॉ. मधु शर्मा ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी लगाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान मिले ताकि वे अपना भविष्य संवार सकें।

दैनिक भास्कर

22-3-18

शैली तनेजा और नीलू तनेजा ने की। तनेजा परिवार की ओर से आहुति से नेत्रदान का आग्रह सुरेश तनेजा ने किया। दिल्ली के वेणु आई बैंक से टैक्नीशियन मोहन त्यागी और चालक मदन लाल की टीम पहुंची। आहुति की टीम सुरेन्द्र विश्वास और वीर मोहन कपूर पर आधारित थी।

पुस्तक प्रदर्शनी में सोनीपत से पहुंचे विद्यार्थी

प्रदर्शनी में पुस्तकों का अवलोकन करते छात्र।

सोनीपत, 21 मार्च (ब्यूरो): आई.बी. कालेज पानीपत में लगाई गई 2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का बुधवार को समापन हो गया। प्रदर्शनी में देश के विख्यात प्रकाशकों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डा. मधु शर्मा ने कहा कि पुस्तकों से प्राप्त किया गया ज्ञान ही केवल ऐसा धन है जिसको कभी छीना नहीं जा सकता। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. प्रवीन कुमार ने बताया कि कालेज के छात्रों का ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी को लगाया गया था और भविष्य में भी इस प्रकार की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता रहेगा। प्रदर्शनी में पानीपत सहित सोनीपत व अन्य क्षेत्रों के पाठकों ने भी भाग लिया। अंत में प्राचार्या ने सभी प्रकाशकों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर आज से

सोनीपत, 21 मार्च (स.ह.): जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एन.एस.एस.) का 7 दिवसीय आवासीय शिविर 22 से 28 मार्च तक गांव फाजिलपुर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एन.एस.एस. अधिकारी सोनिया मित्तल ने दी। उन्होंने कहा कि शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा सुबह 10